# पंचशील संयुक्त विकास समिति का गठन

**ब्यावर** (निसं) भारत देश की सभ्यता संस्कृति की धरोहर उसके तीज - त्यौहार , मेले , शादी ब्याह , रहन-सहन , रात्रि सत्संग , धार्मिक समारोह में साधु संतों के प्रवचन आदि में परिलक्षित होता है । आज के वर्तमान बदलते परिवेश में उपरोक्त सारे कार्यक्रमों का बहुत कुछ रूप परिवर्तन हो गया है या ये मात्र एक औपचारिक रह गए हैं। इन्हीं जीवन के मूल्यों को फिर से पुराना मौलिक रूप देने के क्रम में राजकीय जैन गुरुकुल उच्च माध्यमिक विद्यालय ब्यावर के पीछे स्थित कॉलोनी वासी मधुकर नगर , चौधरी कॉलोनी , सूरज कॉलोनी , पूनम कॉलोनी , मिश्रा कॉलोनी एवं साकेत नगर के गणमान्य महानुभावों की एक मीटिंग संपन्न हुई। जिसमें उपरोक्त सभी कॉलोनियों के विकास के क्रम में सभी सुविधाएं जिसमें बिजली, पानी ,सफाई, सुरक्षा आदि की देखभाल करते रहने का संकल्प लिया। इसी क्रम में उपरोक्त सभी कॉलोनियों के बीच में जो भी फैसिलिटी एरिया हैं उसमें चार दिवारी बनवाकरअच्छा बगीचा विकसित करना । सभी कॉलोनियो में हरियालो राजस्थान के तहत औषधीय एवं फलदार पौधों का पौधारोपण करना एवं उन्हें बड़ा वृक्ष बनने तक जल एवं सुरक्षा प्रदान करना इत्यादि था ।उपस्थित सभी सदस्यों ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि हमारे देश की सांस्कृतिक विरासत को जिंदा रखने के लिए भावी समय में आने वाले तीज त्योहारों को सम्मिलित रूप से मनाना चाहिए । इन आयोजनों में शीघ्र ही श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम को एक बहुत ही सुंदर तरीके से संपन्न करना, बच्चों एवं महिलाओं के मनोरंजन के कार्यक्रमों को आयोजित करते हुए एक सुंदर सी प्रस्तुति की तैयारी एवं योजना बनाना आदि रहा। मीटिंग में तय हुआ कि समिति का पहले संविधान बनाकर जिला रजिस्टार ऑफिस में रजिस्ट्रेशन भी कराया जाएगा । इस अवसर पर सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से " पंचशील संयुक्त विकास समिति ब्यावर जिला ब्यावर " का गठन किया जिसमें पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चुनाव हुआ शंकर सिंह भाटी मुख्य संरक्षक , सरक्षक मंडल सदस्य :- ओमप्रकाश माथुर , गोपाल कृष्ण चौधरी , प्रकाश चंद्र प्रजापत । मुख्य सलाहकार सुरेश कुमार जड़िया । सलाहकार मंडल सदस्यः - डॉ शंकर लाल चौधरी , अनिल कुमार आर्य , गोपाल सिंह चौहान, नारायण सिंह पंवार संयोजक, सुनील चौहान अध्यक्ष, जीवनलाल प्रजापत वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनिल कुमार सोलंकी उपाध्यक्ष, भीकम चंद परिहार सचिव, रघुवीर सिंह चौहान मुख्य कार्यालय मंत्री, हरि सिंह चौहान कोषाध्यक्ष, रामस्वरूप सेवालिया वकील विधि सलाहकार, जितेंद्र सिंह पंवार वकील विधि सह सलाहकार, सुभाष चंद्र त्रिपाठी मीडिया प्रभारीरहेंगे। इस अवसर पर शंकर सिंह भाटी , अनिल आर्य , ओमप्रकाश माथुर , सुरेश चंद्र जड़िया , नारायण सिंह पंवार , प्रकाश चंद्र प्रजापति , रघुवीर सिंह चौहान आदि ने अपने विचार रखें । अध्यक्ष सुनील चौहान ने सभी को मिलकर काम करने का आ ान किया मीटिंग का संचालन भीकमचंद परिहार ने किया ।

## रामचरित मानस पारायण शुरु

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। जय बजरंग मानस मण्डल के की स्थापना दिवस पर आयोज्य वार्षिक उत्सव व गोस्वामी तुलसीदास की जयन्ती पर राधा सर्वेश्वर मन्दिर में विभिन्न मानस मण्डलों द्वारा संगीतमय अखण्ड रामचरित मानस पारायण का शुभारम्भ हुआ। समाजसेवी सर्वेश्वर मंत्री व सदस्य शुभम मिश्रा ने बताया की मानस पारायण 45 आसनों पर रविवार रात्रि 9 बजे तक अनवरत चलेगा। दो दिवसीय जयन्ती महोत्सव में रामायण मण्डल फुलेरा, आचार्य मानस मण्डल अजमेर, रामायण मण्डल सोजत रोड़, सुन्दरकाण्ड सखी संगठन, ओम मानस मण्डल तिलक नगर सहित पुष्पा जायसवाल, विष्णु शर्मा, अरूण शर्मा, लखन भाटी अजमेर, राजेन्द्र आचार्य, मुकेश टेलर, विशाल दुधानी, ललित, चन्दू पलोड़, नरेन्द्र मिश्रा अजमेर, उपेन्द्र त्यागी अजमेर, प्रेम शर्मा ब्यावर द्वारा संगीतमय रामायण पारायण की प्रस्तुति दी जा रही है।

**मोर पंख से झांकी सजाकर झूला झुलाया :** मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। मंगला आरती परिवार के तत्वाधान में राकेश जामड़ परिवार के सौजन्य से राधा सर्वेश्वर मंदिर में अदभुद दर्शनीय मोर पंखों से झांकी व ठाकुरजी का झूला सजाया। झूला महोत्सव के अंतर्गत आयोजित भजन संध्या में रक्षा झंवर, अभिषेक राठी, गणेश राठी, प्रकाश राठी, श्री यादव, शिवांगी चितलांग्या, वृंदा राठी ने सहयोग किया।


कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर

Web Site - www.urban.rajasthan.gov.in/ada E-Mail - ajmerada@gmail.com Tel. No. - 0145-2627748, 2627749

ई-नीलामी में अमानत राशि जमा एवं बोली दिनांक 02.08.2025 से लगाई जा सकती है।

भूखण्डों की ई-नीलामी दिनांक 06.08.2025 से 03.09.2025

116 आवासीय, व्यावसायिक, आवासीय मय व्यावसायिक एव रिसोर्ट भूखण्ड

पूर्ण भुगतान के लिए 180 दिवस का समय, 15 दिवस में पूर्ण राशि जमा कराने पर 2 प्रतिशत की छूट देय है।

02 इन्द्रा कॉम्पलेक्स शॉप्स

04 बकरा मण्डी व्यावसायिक भूखण्ड

21 महाराणा प्रताप नगर आवासीय भूखण्ड

02 सूरजकुण्ड रिसोर्ट भूखण्ड

22 चन्द्रवरदाई नगर आवासीय भूखण्ड

02 हरिभाऊ उपाध्याय नगर मुख्य आवासीय भूखण्ड

04 हरिभाऊ उपाध्याय नगर मुख्य आवासीय मय व्यावसायिक भूखण्ड

01 हरिभाऊ उपाध्याय नगर मुख्य आवासीय भूखण्ड

22 पृथ्वीराज नगर आवासीय भूखण्ड

01 पृथ्वीराज नगर व्यावसायिक भूखण्ड

35 ट्रांसपोर्ट नगर व्यावसायिक भूखण्ड

भूखण्डों की अधिक जानकारी के लिए कॉल करेः- 6378528215

ऑनलाईन नीलामी के प्रक्रिया के बारे में कॉल करेः- 9571622903 / 9269681471

टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर- 305001

राज.संवाद/सी/25/7401


# पढ़ लिख कर राष्ट्र निर्माण में सहयोगी बने मुकेश कर्णावट

■ 60 विद्यार्थियों हेतु शैक्षणिक सामग्री देकर किया सहयोग

**अजमेर,** (कासं)। लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा समाजसेवी लायन राकेश पालीवाल, लायन अतुल पाटनी, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन मधु पाटनी एवं भामाशाहों के सहयोग से आओ गांव चले सेवा करे एवं आवश्यकता अनुरूप सेवा के अंतर्गत तीर्थराज पुष्कर के पास के ग्राम गनाहेड़ा में नव निर्मित मंडला स्कूल में आस-पास की बस्ती एवं झोपड़ों में रहने वाले जरूरतमंद परिवार के शिक्षा के साथ संस्कार ग्रहण करने के लिए आने वाले 60 विद्यार्थियों को गणवेश की सेवा के साथ स्कूल बैग की सेवा विद्यालय के प्रशासक बुद्धि प्रकाश गौड़ एवं शिक्षिका डिम्पल गौड़ को दी, जिन्हें 4 अगस्त को होने वाले विद्यालय प्रवेश उत्सव समारोह के अवसर पर बच्चो को भेंट की जाएगी। क्लब अध्यक्ष लायन मुकेश कर्णावट ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे परिवार के बच्चे जो शिक्षा से वंचित है को राष्ट्र निर्माण के निर्माण में सहयोगी बनाने के प्रयास किए जा रहे है इस हेतु समय समय पर क्लब द्वारा ऐसे बच्चों को शैक्षणिक सहयोग प्रदान कराया जा रहा है जिससे वे विद्यालय केंद्र में आकर शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित हो सके। संयोजक लायन अतुल पाटनी ने बताया कि इस अवसर पर पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन मधु पाटनी, कोषाध्यक्ष लायन राकेश गुप्ता, विद्यालय के बुद्धि प्रकाश एवं डिम्पल गौड़ मौजूद रही।

# कावड यात्रा निकाली

**अजमेर** (कासं)। सावन के पावन अवसर पर रविवार को चिंताहरण महादेव मंदिर पर बृज किशोर सारस्वत एवं भागचंद शर्मा के सानिध्य में भव्य सहस्त्रधारा का आयोजन किया गया।

सहस्त्रधारा के संयोजक योगेश अग्रवाल ने बताया राजस्थानी परिधान में सजे धजे श्रद्धालुओं ने पुष्कर से शास्त्री नगर तक विशाल कावड़ यात्रा निकाली और पुष्कर जल से महादेव का अभिषेक किया। महादेव के प्रातः विधि विधान एवं मंत्रोचार से पुजन रूद्राभिषेक के साथ सहस्त्रधारा,आकर्षक श्रृगार एवं महाआरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव शिवकुमार बंसल, मनीष अग्रवाल, केसर सिह, गणपत सिंह, गौरीशंकर पांडे, निखिल सारस्वत, दिग्विजय सिंह, मीनू अग्रवाल, निर्मल बन्सल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# शाहपुरा बियर्ड क्लब के सदस्यों ने दिखाया दम और जीता पुरस्कार

**शाहपुरा/भीलवाड़ा।** अतरंगी प्रोडक्शन के बैनर तले कोटा में पहली बार हुए बियर्ड कंपीटीशन में शाहपुरा बियर्ड क्लब के सदस्यों ने अलग-अलग रूप में अपना दम दिखाया और कई पुरस्कार जीत कर शाहपुरा का नाम रोशन किया।

अतरंगी प्रोडक्शन हाउस के डायरेक्टर चेतन सोनी ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रोडक्शन हाउस में बने नए गाने ब्लैक थार की लांचिंग की गई जिसमें शाहपुरा बियर्ड क्लब के सदस्य धीरज पारीक ने शानदार अभिनय किया और अपनी अलग छाप छोड़ी है। बियर्ड कंपीटिशन के निर्णायक रहे शाहपुरा बियर्ड क्लब के संस्थापक ओर मि. बियर्ड मेन डॉ. इशाक खान ने बताया कि इस कंपीटीशन में पूरे भारतवर्ष से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। जिसमें बियर्ड और मूंछ की 10 कैटेगरीयां रखी गई थी। इनमें शाहपुरा बियर्ड क्लब के तीन सदस्यों ने अपने शानदार प्रदर्शन से जीत हासिल कर प्रथम पुरस्कार अपने नाम किया। इसमें कला प्रेमी और शॉर्ट फिल्म में नेशनल अवॉर्ड विजेता एडवोकेट दीपक पारीक ने ठो बियर्ड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शाहपुरा के ही प्रवीण सुखवाल ने लांगेस्ट मूंछ में प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही फंकी बियर्ड कैटेगरी में शाहपुरा के हुकुमपुरा गांव के रहने वाले दिनेश कुमार भील ने प्रथम स्थान प्राप्त कर शाहपुरा का नाम रोशन किया।। ब्लैक थार गाने में अभीनय करने वाले धीरज पारीक ने बताया कि अभिनय की प्रेरणा उनको अपने पिता संचिना कला संस्थान के अध्यक्ष राम प्रसाद पारीक से मिली एवं पूरे परिवार के सदस्य इस कला को भिन्न-भिन्न स्तर पर अलग अलग रूप में आगे बढ़ा रहे हैं। ठो बियर्ड विजेता दीपक पारीक ने बताया कि अपने पिता की प्रेरणा से अभी तक कई मंचों पर अलग अलग तरह से वो काम करते आए है जिसमे नाटक, संगीत, नेशनल अवॉर्ड विनिंग शॉर्ट फिल्म में अभिनय करना आदि। दाढ़ी के क्षेत्र में उनको लाने का श्रेय मि. बियर्ड मेन डॉ. इशाक खान को जाता है जिन्होंने शाहपुरा बियर्ड क्लब बनाया और अनेकों प्रतिभाओं को आगे लाने का काम कर रहे है इसी का परिणाम है कि आज शाहपुरा दाढ़ी मूंछ के क्षेत्र में भी पहचाना जाने लगा है। शाहपुरा पहुंचने पर परिवार के सदस्यों, इष्टिमत्रों और शहरवासियों ने माला पहनाकर मिठाई खिलाकर इनका स्वागत किया और बधाई दी। इस मौके पर रेहान खान, विकास कुमार, राहिल खान, मिलन कुमार, देव पाराशर आदि मौजूद थे।

# सरकार की महत्वकांक्षी योजना

**ब्यावर** (निसं) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राजस्थान सरकार की महत्वकांक्षी योजना शुद्ध आहार मिलावट पर वार के तहत खाद्य आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर के निर्देशानुसार विशेष अभियान जिला कलक्टर डॉ. कमल कुमार मीणा के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 संजय गहलोत के नेतृत्व में गठित खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा चलाया गया। संजय नगर, कुशालपुरा रोड, मसूदा स्थित फर्म मैसर्स श्री देवनारायण डेयरी का निरीक्षण किया गया। उक्त प्रतिष्ठान पर कल रात्रि मसूदा थानाधिकारी गणपतराम द्वारा दबिश दी गई थी। दौरान निरीक्षण विभिन्न ब्राण्ड यथा अमृत धारा, सत अमृत, देव सरस, खाटू श्याम के घी के रैपर तथा पैकिंग मटैरियल पाये गये।


कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण के अर्जुनलाल सेठी नगर, योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 226 क्षेत्रफल 175.50 वर्गमीटर के आवंटी/अन्तरिती स्व. श्री प्रद्युम्न कुमार जैन पुत्र बेनीराम जैन निवासी-म.नं. 104 अर्जुनलाल सेठी नगर, परबतपुरा, अजमेर की मृत्यु दिनांक 13.12.2019 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट संलग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः 1.मीना जैन पत्नि स्व. श्री प्रद्युम्न कुमार जैन, 2. मधुलिका जैन पुत्री स्व. श्री प्रद्युम्न कुमार जैन, 3. सिंपल जैन स्व. श्री प्रद्युम्न कुमार जैन, 4. राहुल जैन पुत्र स्व. श्री प्रद्युम्न कुमार जैन, 5. अमित जैन पुत्र स्व. श्री प्रद्युम्न कुमार जैन द्वारा अपने सह हिस्सेदार श्रीमती मीना जैन पत्नि स्व. श्री प्रद्युम्न कुमार जैन निवासी-104 अर्जुन लाल सेठी नगर, परबतपुरा, अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 12.05.2023 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामांतरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकर योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। -योजना प्रभारी, अजमेर विकास प्राधिकरण,अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण के अर्जुनलाल सेठी नगर, ईडब्ल्यूएस योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 105 क्षेत्रफल 40 वर्गमीटर के आवंटी/अन्तरिती स्व. श्री प्रद्युम्न कुमार जैन पुत्र बेनीराम जैन निवासी-म.नं. 104 अर्जुनलाल सेठी नगर, परबतपुरा, अजमेर की मृत्यु दिनांक 13.12.2019 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट संलग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः 1.मीना जैन पत्नि स्व. श्री प्रद्युम्न कुमार जैन, 2. मधुलिका जैन पुत्री स्व. श्री प्रद्युम्न कुमार जैन, 3. सिंपल जैन स्व. श्री प्रद्युम्न कुमार जैन, 4. राहुल जैन पुत्र स्व. श्री प्रद्युम्न कुमार जैन, 5. अमित जैन पुत्र स्व. श्री प्रद्युम्न कुमार जैन द्वारा अपने सह हिस्सेदार श्रीमती मीना जैन पत्नि स्व. श्री प्रद्युम्न कुमार जैन निवासी-104 अर्जुन लाल सेठी नगर, परबतपुरा, अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 12.05.2023 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामांतरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकर योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। -योजना प्रभारी, अजमेर विकास प्राधिकरण,अजमेर


